लाखों तर जाएं मेरी राधा के नाम से

ये राधा नाम इस को रखना संभाल के,
लाखों तर जाएं मेरी राधा के नाम से......

सागर बना लो इनको राधा के नाम का,
डुबकी लगा लो इसमें मनवा को डाल के,
ये राधा नाम इस को रखना संभाल के,
लाखों तर जाएं मेरी राधा के नाम से......

दिल में तो अग्नि जलती मन के विकार से,
अग्नि तो शीतल हो गई राधा के नाम से,
ये राधा नाम इस को रखना संभाल के,
लाखों तर जाएं मेरी राधा के नाम से......

अपने तो बैरी हो गए मन के विकार से,
बैरी तो अपने हो गए राधा के नाम से,
ये राधा नाम इस को रखना संभाल के,
लाखों तर जाएं मेरी राधा के नाम से......

राधा राधा जो बोले हो बेड़ा पार है,
ऐसी दयालु राधे करती उधार है,
ये राधा नाम इस को रखना संभाल के,
लाखों तर जाएं मेरी राधा के नाम से......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25511/title/lakhon-tar-jaye-meri-radha-ke-naam-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |